# <u>समाचार</u>
## <u>राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर अद्यतन कार्य</u>
## <u>प्रगणकों को जानकारी उपलब्ध कराने, आमजन से अपील की आयुक्त ने</u>
## <u>(16 नवम्बर से प्रारंभ प्रक्रिया चलेगी 15 दिसम्बर तक)</u>

कोरबा 20 नवम्बर 2015 –आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर अद्यतन कार्य हेतु निगम द्वारा नियुक्त किये गये प्रगणकों को प्रगणन कार्य के समय आवश्यक जानकारी पूछे या मांगे जाने पर अवश्य उपलब्ध कराएं, ताकि राष्ट्रीय महत्व के इस महत्वपूर्ण कार्य को बिना किसी अवरोध के त्रुटिरहित रूप से संपादित कराया जा सके।

यहां उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को अद्यतन करने एवं एन.पी.आर. डेटाबेस में आधार नम्बर को समाविष्ट करने हेतु 16 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2015 तक आवश्यक कार्यवाही संपादित कराई जा रही है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा इस हेतु प्रगणकों, पर्यवेक्षकों आदि की नियुक्ति कर उन्हें दायित्व सौपे जा चुके हैं। यह प्रगणक घर–घर पहुंचकर राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को अद्यतन करने, आधार कार्ड का सत्यापन कर नाम में त्रुटियों का सुधार करने सहित अन्य संबंधित कार्य को सम्पन्न कराएगें, इस हेतु उन्हें संबंधित गणना परिवार से आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा होगी तथा उसी के आधार पर यह कार्य संपादित होगा। आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के नागरिकबंधुओं से अनुरोध करते हुए कहा है कि प्रगणक के घर पहुंचने पर उनके द्वारा चाही गई आवश्यक जानकारी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को त्रुटिरहित स्वरूप में बिना किसी अवरोध के पूर्ण किया जा सके।

<u>किए गए कार्य का परीक्षण करा सकते हैं प्रगणक</u>– प्रगणकों द्वारा घर–घर पहुंचकर एन.पी.आर. को अद्यतन करने एवं अन्य संबंधित कार्यो का संपादन प्रारंभ कर दिया गया है। इस हेतु प्रगणक निर्धारित प्रपत्रों में जानकारी की प्रविष्टि कर रहे है। आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने प्रगणकों से कहा है कि यदि कार्य के दौरान उन्हें किसी प्रकार की शंकाए सामने आ रही है तथा उनके द्वारा अभी तक किए गए कार्यो एवं प्रविष्टियों के संबंध में किसी प्रकार की शंका हो रही हो तो वे 21 नवम्बर को दोपहर 2 बजे के पश्चात निगम कार्यालय साकेत भवन में पहुंचकर अपने कार्यो, प्रपत्रों का परीक्षण करा सकते हैं, इस हेतु जनगणना निर्देशालय रायपुर के सहा. जनगणना अधिकारी श्री धीरेन्द्र सिन्हा परीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगे, जिनसे प्रगणक अपने कार्यो का परीक्षण करा सकेंगे तथा आवश्यक मार्गदर्शन ले सकेंगे।

संपादकब्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)